आज समाज 20-11-2025

जीएमएन कॉलेज में स्कॉलरशिप ओरिएंटेशन प्रोग्राम का आयोजन

आज समाज नेटवर्क

अंबाला। जीएमएन कॉलेज के सभागार में स्कॉलरशिप ओरिएंटेशन प्रोग्रामजैसे बहुत ही महत्वपूर्ण विषय पर कॉलेज प्राचार्य डॉ रोहित दत्त के नेतृत्व में चर्चा हुई जोकि एससी/बीसी से संबंधित छात्रवृत्ति योजना रही । योजना का महत्व -यह योजना हमारे समाज के अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और अन्य पिछड़ा वर्ग के उन मेधावी छात्रों के लिए एक महत्वपूर्ण सहारा है, जो उच्च शिक्षा प्राप्त करना चाहते हैं।

इस योजना का मुख्य उद्देश्य इन वर्गों के छात्रों को आर्थिक मदद प्रदान करना है ताकि वे अपनी शिक्षा पूरी कर सकें और समाज में अपना योगदान दे सकें। आज के समय में, जहाँ शिक्षा महँगी होती जा रही है, यह छात्रवृत्ति एक वरदान की तरह है, जो प्रतिभाशाली छात्रों को अपनी क्षमता का पूर्ण उपयोग करने का अवसर देती है। पात्रता मानदंड और आवेदन प्रक्रिया - इस योजना का लाभ उठाने के लिए, छात्रों को कुछ मानदंडों को पूरा करना होता है, जैसे कि जाति प्रमाण पत्र, शैक्षणिक योग्यता और आय प्रमाण पत्र।

आवेदन प्रक्रिया राष्ट्रीय छात्रवृत्ति पोर्टल या संबंधित राज्य के पोर्टल के माध्यम से होती है। सभी छात्रों से आग्रह किया गया कि आधिकारिक



उपस्थिति को संबोधित करते मुख्यवक्ता।

वेबसाइटों पर उपलब्ध विस्तृत जानकारी की जांच करें। सभी छात्र-छात्राओं को यह सुनिश्चित करना होगा कि जो छात्र इस योजना के पात्र हैं, वे इसके बारे में जानें और आवेदन करें। हम सभी को मिलकर अपने समुदायों में इस छात्रवृत्ति के बारे में जागरूकता फैलानी चाहिए, ताकि कोई भी योग्य छात्र पीछे न छूटे। इस बैठक में कॉलेज प्राचार्य डॉ रोहित दत्त जी का छात्र-छात्राओं से संवाद करना अति रोचक रहा। इस स्कॉलरशिप ओरिएंटेशन प्रोग्राम के बाद सबको उम्मीद है कि हम सब मिलकर इन छात्रों को उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए सशक्त बनाने में मदद करेंगे। एसबीसी कमेटी के मेंबर्स श्री राममूर्ति, डॉ सुमन, डॉ अमित कुमार उपस्थित रहे और मंच का संचालन सुचारु रूप से डॉ रवनीत कौर ने किया जिन्होंने सभी छात्र-छात्राओं को एसबीसी छात्रवृत्ति योजना के बारे में अवगत कराया । यह कार्यक्रम अत्यंत सफल रूप से संपन्न हुआ । इस अवसर पर स्टाफ व स्टूडेंट्स मौजूद रहे।